agricultural production; and

(c) the details of new centres to be set up in the country with details of their locations and other financial and technical assistance to be provided to farmers?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF AGRICULTURE (SHRI MOHD. AYUB KHAN): (a) No, Sir. However, this year the Council has launched a Pilot Project on Technology Assessment and refinement through Institution Village Linkage Programme at 42 centres in the country. This Project is for the year 1995-96 and 1996-97 on *adhoc* basis.

(b) One centre has been allotted to Punjab Agricultural University, Ludhiana to be located at Regional Research Station for Kandi Area, Ballowal-Saunkhri, Balachaur, Distt. Nawanshahar.

(c) In this plan no new centre is to be opened. Based on its impact, the Council will think about its continuation in next plan.

उर्वरकों का आयात एवं निर्यात

668. **श्री चिमनभाई हरिभाई शुक्लः** क्या रसायन और उर्वरक मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) वर्ष 1994-95 के दौरान विभिन्न किस्मों के उर्वरकों का कितनी-कितनी मात्रा में आयात-निर्यात किया गया,

(ख) आयात/निर्यात किये गये उर्वरकों का ब्यौरा क्या है, उन पर कितना व्यय किया गया अथवा उनसे कितनी विदेशी मुद्रा अर्जित की गई,

(ग) किन-किन देशों से उर्वरकों का आयात किया गया और किन-किन देशों को इसका निर्यात किया गया, और

(घ) गत तीन वर्षों के दौरान एम० एम० टी० सी० द्वारा विदेशी मुद्रा के रूप में आयात पर कितनी धनराशि खर्च की गई और इसके निर्यात से कितनी धनराशि अर्जित की गई?

रसायन और उर्वरक मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एडुआर्डो फेलेरियो): (क) से (ग) 1994-95 के दौरान देश में प्रयोग किये जाने वाले मुख्य उर्वरकों की निम्नलिखित मात्रा का आयात किया गया था।

वस्तु	मात्रा लाख टन में	कुल लागत तथा भाड़ा मूल्य (रु० करोड़ में)
यूरिया	28.84	1610.17
एम० ओ० पी०	*18.48	एन ए
डी० ए० पी०	*8.25	एन ए

* अनियंत्रण तथा सरणीबद्ध के बाद किये गये आयातों के आंकड़े केवल अनुमानित हैं।

1994-95 के दौरान यूरिया का आयात बंगला देश, बुल्गारिया, सी आई एस, इण्डोनेशिया, कुवैत, लिबिया, कतार, रोमानिया, सऊदी-अरेबिया तथा यू० ए० ई० से किया गया था।

डी० ए० पी० तथा एम० ओ० पी० नियंत्रणमुक्त है। डी० ए० पी० आयात के मुख्य स्त्रोत अमेरिका, जोर्डन, सऊदी-अरेबिया, मेक्सिको तथा सी० आई० एस० है। एमओपी का आयात सी०आई०एस०, जोर्डन, इसरायल तथा सिंगापुर से किया गया था। जर्मन तथा कनाडा से एम० ओ० पी० का आयात द्विपक्षीय सहायता के अंतर्गत किया गया था।

बंगला देश को सिंगल-सुपर फास्फेट तथा बेहरीन, आबूदाबी तथा ताइवान को एन० पी० के उर्वरकों के निर्यात के लिए "अनापत्ति" स्वीकृत की गयी थी।

(घ) गत तीन वर्षों के दौरान विभिन्न किस्म के उर्वरकों के आयात पर एम० एम० टी० सी० द्वारा खर्च की गई कुल विदेशी-मुद्रा तथा उर्वरकों के निर्यात से अर्जित विदेशी मुद्रा निम्न प्रकार है:—

क्रम सं०	वर्ष	विदेशी मुद्रा अमेरिकी डालर (मिलियन में)	
		उर्वरकों के आयात पर खर्च की गयी राशि	उर्वरकों के निर्यात से अर्जित राशि
1.	1992-93	866.37	—
2.	1993-94	294.17	2.02
3.	1994-95	559.54	—